BHU के SWAYAM कार्यक्रम में नए पाठ्यक्रम जोड़े गए

चर्चा में क्यों?

बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों ने **2024 सत्र** के लिये स्वयं (SWAYAM) कार्यक्रम के लिये 15 नए पाठ्यक्रम विकसित किये हैं। पाठ्यक्रम विद्यार्थियों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं के अनुरूप विकसित किये गए हैं।

मुख्य बिंदु:

- इन पाठ्यक्रमों में **प्रबंधन, वाणिज्य, विज्ञान, चिकित्सा, सामाजिक विज्ञान, मानविकी और दर्शनशास्त्र** जैसे विभिन्न विषय शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों की शुरुआत के साथ BHU ने पहली बार **ऑनलाइन शिक्षा** के क्षेत्र में प्रवेश किया है।
  - यह पहल न केवल BHU की शैक्षिक पेशकश को समृद्ध करेगी बल्कि सभी के लिये सुलभ और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के व्यापक लक्ष्यों का भी समर्थन करेगी।
- पाठ्यक्रमों के लिये तकनीकी सहायता **IIT मद्रास और IIT कानपुर** द्वारा प्रदान की जाती है तथा यह शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित है। भारत सरकार द्वारा शुरू किये गए स्वयं (SWAYAM) कार्यक्रम का उद्देश्य सभी व्यक्तियों को सर्वोत्तम शिक्षण और सीखने के संसाधन उपलब्ध कराना है, चाहे उनकी भौगोलिक स्थिति या संस्थागत संबद्धता कुछ भी हो।

स्वयं (SWAYAM) कार्यक्रम

- स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स (SWAYAM) को **मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा 9 जुलाई, 2017 को ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के लिये एकीकृत मंच और पोर्टल** प्रदान करने हेतु शुरू किया गया था। जिसमें सभी उच्च शिक्षा विषय और कौशल क्षेत्र के पाठ्यक्रम शामिल हैं।
- इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश के प्रत्येक छात्र को सस्ती कीमत पर सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली उच्च शिक्षा तक पहुँच प्राप्त हो।
- देश भर के सैकड़ों संस्थानों के शिक्षाविद वरिष्ठ स्कूली शिक्षा से लेकर स्नातकोत्तर तक लगभग सभी विषयों में SWAYAM के माध्यम से बड़े पैमाने पर ओपन ऑनलाइन पाठ्यक्रम (MOOC) की पेशकश शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-courses-added-to-bhu-s-swayam-programme